# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

**दिनांक : 26.08.2026** **समय : 1905**

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से खेलो इंडिया संवाद को संबोधित करेंगे।**
2. **श्री विजयपुरम में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कल खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।**
3. **अंडमान एवं निकोबार कमान की ओर से मछुआरा समुदाय के लिए संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**
4. **खेल एवं युवा मामले विभाग की ओर से 28 से 30 अगस्त तक राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया जाएगा।**

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से खेलो इंडिया संवाद को संबोधित करेंगे। राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 समारोह के अंतर्गत मेरा युवा भारत – माय भारत द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम देश भर में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रत्येक जिले के दो कॉलेजों में युवाओं की भागीदारी के साथ आयोजित किया जाएगा। यह खेल, युवा नेतृत्व, नागरिक जिम्मेदारी, स्वयंसेवा, फिटनेस और राष्ट्र निर्माण को एक साझा मंच प्रदान करेगा।

<><><><><><>

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत माई भारत, श्री विजयपुरम द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कल खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन दो स्थानों पर होगा। पहला कार्यक्रम सुबह 10 बजे टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सामुदायिक सभागार में आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य एवं पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश अधिकारी होंगे। कार्यक्रम में लगभग 100 युवा भाग लेंगे। वहीं, दूसरा कार्यक्रम सुबह 10 बजे डॉलीगंज स्थित डॉ. बी.आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान, के सभागार में आयोजित होगा, जिसमें लगभग 500 युवा शामिल होंगे। कार्यक्रम में द्वीप समूह के सांसद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण किया जाएगा। इसके बाद युवाओं, खिलाड़ियों और विशिष्ट अतिथियों के साथ 'युवा संवाद' आयोजित होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य खेलों में युवाओं की भागीदारी बढ़ाना, युवा सहभागिता को प्रोत्साहित करना तथा विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका को मजबूत करना है।

<><><><><><>

भारतीय चिकित्सा संघ– आईएमए ने इन्फ्लूएंजा ए (एच1एन1) के बढ़ते मामलों के मद्देनजर लोगों से सतर्क रहने का आग्रह किया है। आईएमए का कहना है कि अधिकतर संक्रमण हल्के होते हैं और अपने आप ठीक हो जाते हैं, इसलिए घबराने की कोई बात नहीं है। आईएमए ने लोगों को फ्लू के लक्षणों के लिए डॉक्टर की पर्ची के बिना एंटीबायोटिक्स न लेने की सलाह दी है। आईएमए ने विशेष रूप से एज़िथ्रोमाइसिन, एमोक्सिसिलिन–क्लैवुलनेट और सेफिक्साइम जैसी एंटीबायोटिक्स खुद नहीं लेने की चेतावनी दी है। आईएमए ने बताया कि एच1एन1 में आमतौर पर अचानक तेज बुखार और ठंड लगना, लगातार सूखी खांसी, गले में खराश, मांसपेशियों में तेज दर्द और थकान जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। अन्य लक्षणों में सिरदर्द, नाक बहना या बंद होना, मतली, उल्टी और दस्त शामिल हो सकते हैं।

<><><><><><>

भारतीय चिकित्सा संघ– आईएमए ने इन्फ्लूएंजा ए (एच1एन1) के बढ़ते मामलों के मद्देनजर लोगों से सतर्क रहने का आग्रह किया है। आईएमए का कहना है कि अधिकतर संक्रमण हल्के होते हैं और अपने आप ठीक हो जाते हैं, इसलिए घबराने की कोई बात नहीं है। आईएमए ने लोगों को फ्लू के लक्षणों के लिए डॉक्टर की पर्ची के बिना एंटीबायोटिक्स न लेने की सलाह दी है। आईएमए ने विशेष रूप से एज़िथ्रोमाइसिन, एमोक्सिसिलिन–क्लैवुलनेट और सेफिक्साइम जैसी एंटीबायोटिक्स खुद नहीं लेने की चेतावनी दी है। आईएमए ने बताया कि एच1एन1 में आमतौर पर अचानक तेज बुखार और ठंड लगना, लगातार सूखी खांसी, गले में खराश, मांसपेशियों में तेज दर्द और थकान जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। अन्य लक्षणों में सिरदर्द, नाक बहना या बंद होना, मतली, उल्टी और दस्त शामिल हो सकते हैं।

<><><><><><>

खेल एवं युवा मामले विभाग की ओर से 28 से 30 अगस्त तक राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन 29 अगस्त को हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर देशव्यापी अभियान 'खेलेगा भारत, जीतेगा भारत' और फिट इंडिया पहल के तहत तीन प्रमुख स्तंभों–"श्रद्धांजलि, खेल और आगे बढ़ें के आधार पर आयोजित किया जाएगा। तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान 28 अगस्त को मेजर ध्यानचंद को पुष्पांजलि, खेल चुनौतियां, एथलीटों व कोचों के साथ बातचीत, 29 अगस्त को 'एक घंटा खेल के मैदान में' विषय के साथ मुख्य समारोह आयोजित होगा। इसमें सरकारी विभागों, शैक्षणिक संस्थानों और संगठनों द्वारा कम से कम 1 घंटे के लिए खेल और शारीरिक गतिविधियों के आयोजन होंगे। 30 अगस्त को साइकिलिंग, वॉकाथॉन, और रन–एंड–राइड और अन्य प्रतियोगिताएं खेली जाएंगी। शिक्षा विभाग के सहयोग से तीनों जिलों के शैक्षणिक ब्लॉकों में स्कूली बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिताएं और 10 किमी की रोड रेस आयोजित होंगी। ओपन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक नागरिक पंजीकरण के लिए खेल एवं युवा मामले विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

मत्स्य निदेशालय, की ओर से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के 'रेज़िंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस' –RAMP योजना के अंतर्गत मत्स्य क्षेत्र के लिए परिवहन और लॉजिस्टिक्स पर सब्सिडी के तहत आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इस योजना का उद्देश्य मत्स्य आधारित एमएसएमई के लिए मछली, मत्स्य उत्पाद, मत्स्य बीज और फ़ीड के परिवहन पर वित्तीय सहायता प्रदान कर परिवहन और लॉजिस्टिक्स लागत को कम करना है। पात्र व्यक्ति आवेदन पत्र दक्षिण अंडमान के क्षेत्रीय मत्स्य कार्यालय से सभी कार्य दिवसों में प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा, इन्हें मत्स्य विभाग और प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र, आवश्यक दस्तावेजों के साथ 21 सितम्बर तक संबंधित जिले के क्षेत्रीय मत्स्य कार्यालय में जमा करना होगा।

<><><><><><><>

विकसित भारत – गारंटी फॉर रोज़गार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) और मध्योत्तर अंडमान जिले के तहत प्रोग्राम ऑफ़िसर, असिस्टेंट इंजीनियर, डेटा एंट्री ऑपरेटर और ग्राम रोज़गार सेवक के पदों पर संविदा आधार पर भर्ती के लिए स्थानीय उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अधिक जानकारी प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइटों पर उपलब्ध हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 18 सितम्बर शाम 5 बजे तक है। किसी भी जानकारी के लिए, उम्मीदवार संयुक्त ज़िला कार्यक्रम समन्वयक, कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

द्वीप समूह के एक स्थानों में हल्की से मध्यम वर्षा हुई। आज शाम साढ़े पांच बजे तक मायाबंदर में चौसठ, लॉन्ग आइलैंड में दस और श्री विजयपुरम में चार दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार 31 अगस्त तक द्वीप समूह कुछ स्थानों पर गरज के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। खराब मौसम को देखते हुए मछुआरों को 30 अगस्त तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>